

# विशाल डबलरोटी की सैंडविच





एक गर्मी वाले दिन उस गाँव में
चालीस लाख टिड्डे उड़ते हुए आए.



उन्होंने पिकनिक मनाने वालों को भगाया



ट्रेक्टर चला रहे किसानों को खदेड़ा



उन्होंने मेयर की गंजी खोपड़ी पर डंक मारा!



उन्होंने गोते लगाये, भिनभिनाए
जो भी मिला उसे गपागप खाया



टिड्डों की आवाज़ और उनकी दुष्टता बढ़ती ही गई
अंत में गाँव वाले चिल्लाये, “बोलो हम क्या करें?”




फिर उन्होंने गाँव के सभागृह में मेयर को बुलाया,
मेयर ने सभी गांववालों से पूछा,
“बोलो, हम क्या करें?” लोगों ने कहा, “अच्छा सवाल है!”
किसी के पास कोई हल नहीं था.



तभी डबलरोटी-केक बनाने वाले बेकर ने पूछा,
“टिड्डों का प्रिय भोजन क्या है? स्ट्रॉबेरी जैम! ज़रा रुकें!
हम एक विशाल सैंडविच बनाकर उन्हें उसमें फंसा सकते हैं!”




बेकर का सुझाव सुनकर सब लोग ख़ुशी से चिल्लाए
एक किसान ने कहा, “इसके लिए मेरा खेत इस्तेमाल करो.”




फिर बेकर ने आटा गूंथने का तरीका समझाया
“ऊपर से आटा मिलाओ, नीचे से खमीर
समुद्र का नमक डालो, पानी छिड़को बार-बार
फिर उसे गूंथो! पटको! उसे मुट्ठियों से पीटो!”

जब कुछ लोग आटा गूंथने में लगे थे
तब बाकी लोगों ने खेत में एक विशाल दरी बिछाई.





फिर डबलरोटी के आटे को फूलने के लिए छोड़ा गया
आटा फूलकर एक छोटी पहाड़ी जैसा कुप्पा हुआ!



आटे को बड़ी मुश्किल से
ट्रक, ट्राली, और बसों में लादकर
उस भट्टी के पास ले गए जो उन्होंने पहाड़ी पर बनाई थी
पकाने के लिए उन्होंने पचास ईंट की भट्टियाँ लगाईं थीं.



घंटों तक डबलरोटी पकती रही.
वो अन्दर से फूली, खिड़कियाँ हिलीं.

जब गरमागरम डबलरोटी बाहर निकली
वो गाँव वाले ख़ुशी से चीखे-चिल्लाए.





“क्या खुशबू है! कितनी स्वादिष्ट है!”


टिड्डे भी कितने बदमाश हैं!




फिर डबलरोटी को ठंडा करने के लिए रखा
देखते ही देखते छह ताकतवर आदमियों ने
बड़ी आरी से डबलरोटी का एक स्लाइस काटा
लोगों ने तालियाँ बजाईं, तब दूसरा स्लाइस काटा.







किसान का खेत ख़राब न हो इसलिए
आठ घोड़ों की गाड़ी ने एक स्लाइस को खींचा
उसे उन्होंने खेत में बड़ी दरी पर रखा.





फिर एक ट्रक ने स्लाइस पर मक्खन उंडेला
लोगों ने बेलचों से मक्खन को फैलाया!
फिर उन्होंने उस पर स्ट्रॉबेरी जैम फैलाया!






इस बीच खेत के ऊपर
छह हेलीकाप्टर तैनात थे
वे टिड्डों के सैंडविच खाने के इंतज़ार में थे
इंतज़ार के अलावा वे कर भी क्या सकते थे?






अचानक आसमान भिन-भिन से भिन्नाने लगा!
सभी चालीस लाख टिड्डे वहां एक साथ पहुंचे!
जैसे ही उन्होंने जैम सूंघा! वे उसमें कूदे और फंसे!
जैम खाकर वे उसमें फंसे! वे बड़े बुरे फंसे!



तभी उनके ऊपर दूसरा स्लाइस आकर पड़ा धम्म!
टिड्डे दोनों स्लाइस के बीच जाकर फंसे!
सिर्फ तीन खुशनसीब टिड्डे ही निकल पाए!
जान बचाकर, दुम दबाकर वहां से भाग पाए!



उसके बाद टिड्डे शहर में वापिस कभी न आए
फिर लोगों ने जश्न मनाए, लोग नाच-गाने गाए
टिड्डों की शामत आई
शहर में खुशियाँ लाई!



CHAS - FRUIT, FLOWERS & VEG.



पर उस सैंडविच का क्या हुआ?
चिड़ियों ने अपनी चोंचों से कुतर-कुतरकर
सौ हफ़्तों तक उसको खाया!

